कार्यालय- जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर

क्रमांक- स्था./2025/..262.. दिनांक :- 24/11/2025

-: आदेश :-

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश क्रमांक 21/विविध/2025 दिनांक 06.11.2025 के द्वारा दिनांक 25 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक अधीनस्थ न्यायालयों में शीतकालीन अवकाश (Winter Holiday) घोषित किया गया।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशों के न्यायालय उक्त अवधि में बंद रहेंगे, परंतु वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय राजपत्रित तथा सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर दिनांक 25.12.2025 से 31.12.2025 तक शीतकालीन अवकाश की अवधि में खुले रहेंगे। उक्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण शीतकालीन अवकाश का उपभोग नहीं करेंगे।

विशिष्ट न्यायालय (पोक्सो प्रकरण) धौलपुर के पीठासीन अधिकारी श्री राजकुमार प्राप्त सहमति के आधार पर वह शीलकालीन अवकाश की अवधि में दिनांक 30 व 31 दिसम्बर 2025 को अपने न्यायालय में आवश्यक कार्य हेतु बैठेगें।

उक्त आदेश के अनुसरण में दिनांक 25 से 31.12.2025 तक शीतकालीन अवकाश की अवधि में धौलपुर न्यायक्षेत्र में जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीशों तथा विशिष्ट न्यायाधीशों (ड.प्र.क्षे./अजा-अजजा अ.नि.प्र.) के न्यायालयो में पेश होने वाले आवश्यक आवेदन पत्र, समस्त आवश्यक कार्य, जैसे रिमाण्ड आदि से संबंधित मामलों की सुनवाई एवं आवश्यक सिविल कार्य के निस्तारण हेतु निम्न न्यायिक अधिकारीगण को अधिकृत करते हुये निर्देशित किया जाता है कि वे अपने नाम के सम्मुख दिनांक को **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर** के न्यायालय में बैठेंगे।

क्र.सं.	नाम अधिकारी/पद	दिनांक
1.	श्रीमती ज्योति सिंह मीणा वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर	26.12.2025
2.	श्रीमती चित्राक्षी सिंह अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-2, बाड़ी	29.12.2025
3.	श्री सिद्धार्थ शंकर शर्मा अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्रम-1, बाड़ी	30 व 31.12.2025

वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर के न्यायालय के कर्मचारीगण उक्त अवधि में शीतकालीन अवकाश का उपभोग नही करेंगे। प्रतिलिपियाँ रीडर द्वारा तैयार की जावेंगी, जिन पर अधिकृत पीठासीन अधिकारी प्रतिहस्ताक्षर करेंगे।

24/11/2025

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
धौलपुर